फा.सं. 11/1/2020-गो-1/2

**कर्मचारी चयन आयोग**

## आशुलिपिक श्रेणी 'ग' और 'घ' परीक्षा, 2020 – कौशल परीक्षा में उपस्थित होने हेतु अभ्यर्थियों को बुलाने के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा के परिणाम की घोषणा

कर्मचारी चयन आयोग ने देश भर के विभिन्न केंद्रों पर दिनांक 11.11.2021, 12.11.2021 और 15.11.2021 को आशुलिपिक श्रेणी 'ग' और 'घ' परीक्षा, 2020 की कंप्यूटर आधारित परीक्षा आयोजित की थी ।

2. चूंकि कंप्यूटर आधारित परीक्षा कई पालियों में आयोजित की गई थी, इसलिए अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों को आयोग द्वारा इसकी वेबसाइट पर सूचना सं. 1-1/2018-नी.एवंयो.-।, दिनांक 07.02.2019 के तहत प्रकाशित सूत्र के अनुसार सामान्यीकृत किया गया है। परीक्षा की विज्ञप्ति के पैरा 12(घ) के प्रावधानों के अनुसार, अभ्यर्थियों के सामान्यीकृत अंकों का उपयोग परीक्षा के अगले चरण (अर्थात कौशल परीक्षा) के लिए अभ्यर्थियों की अर्हता निर्धारित करने हेतु परिणाम तैयार करने के लिए किया गया है ।

3. परीक्षा की विज्ञप्ति के पैरा 16 (क) के अनुसार, कंपयूटर आधारित परीक्षा में न्यूनतम अर्हक अंक निम्नानुसार निधारित किए गए हैं:

(i) अना.: 30 %
(ii) अ.पि.व / आ.क.व. : 25 %
(iii) अन्य सभी श्रेणियां (अ.जा., अ.ज.जा., दिव्यां., भू.पू.सै. आदि) : 20 %

4. कंप्यूटर आधारित परीक्षा में अभ्यर्थियों के प्रदर्शन के आधार पर 3608 अभ्यर्थियों ने आशुलिपिक श्रेणी 'ग' के पद के लिए कौशल परीक्षा में बैठने हेतु अनंतिम रूप से अर्हता प्राप्त की है और 13445 अभ्यर्थियों ने आशुलिपिक श्रेणी 'घ' के पद के लिए कौशल परीक्षा में बैठने हेतु अनंतिम रूप से अर्हता प्राप्त की है । कंप्यूटर आधारित परीक्षा में विभिन्न श्रेणियों के लिए आयोग द्वारा निर्धारित कट ऑफ अंक और अभ्यर्थियों की संख्या निम्नानुसार हैं:-

**सूची-। : आशुलिपिक श्रेणी 'ग' के पद हेतु आशुलपि कौशल परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त अभ्यर्थी**

| श्रेणी | कट-ऑफ अंक | उपलब्ध अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| अ.जा. | 132.92626 | 545 |
| अ.ज.जा | 117.44372 | 209 |
| अ.पि.व. | 142.36071 | 1095 |
| आ.क.व. | 138.64967 | 347 |
| अना. | 146.79323 | 1210 |
| अ.दि. | 108.68008 | 51 |
| ह. दि. | 55.94645 | 151 |
| **कुल** | | **3608** |

**नोट-1:** ऊपर दर्शाए गए अना. अभ्यर्थियों के अतिरिक्त 114-अ.जा., 9- अ.ज.जा., 697-अ.पि.व. और 172-आ.क.व. तथा 1- अ.दि. श्रेणी के अभ्यर्थी अनारक्षित कट-ऑफ में अर्हता प्राप्त कर रहे हैं । इन अभ्यर्थियों को उनकी संबंधित श्रेणियों में दर्शाया गया है।

**सूची-। : आशुलिपिक श्रेणी 'घ' के पद हेतु आशुलपि कौशल परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त अभ्यर्थी**

| श्रेणी | कट-ऑफ अंक | उपलब्ध अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| अ.जा. | 103.89008 | 2722 |
| अ.ज.जा | 84.61327 | 1105 |
| अ.पि.व. | 126.72132 | 3267 |
| आ.क.व. | 83.56382 | 1983 |
| अना. | 131.22759 | 3448 |
| भू.पू.सै. | 40.00000 | 311 |
| अ.दि. | 59.31560 | 388 |
| दृ. दि. | 51.29321 | 167 |
| अन्य दिव्यां. | 40.00000 | 54 |
| **कुल** | | **13445** |

**नोट -2:** ऊपर दर्शाए गए अना. अभ्यर्थियों के अतिरिक्त 614 -अ.जा., 64- अ.ज.जा., 2530-अ.पि.व., 550-आ.क.व., 5- भू.पू.सै., 7- अ.दि., 6- दृ.दि. और 1- अन्य दिव्यां श्रेणी के अभ्यर्थी ने अनारक्षित कट-ऑफ में अर्हता प्राप्त की है। इन अभ्यर्थियों को उनकी संबंधित श्रेणियों में दर्शाया गया है।

5. कौशल परीक्षा का कार्यक्रम नियत समय पर आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे समय-समय पर आयोग की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

6. उत्तर कुंजियों के संबंध में अभ्यर्थियों से प्राप्त अभ्यावेदनों की सावधानीपूर्वक जांच की गई है और जहां आवश्यक समझा गया है उत्तर कुंजियों में संशोधन किया गया है। मूल्यांकन के लिए अंतिम उत्तर कुंजियों का प्रयोग किया गया है। अंतिम उत्तर कुंजी दिनांक 28.01.2022 से 27.02.2022 तक आयोग की वेबसाइट पर अपलोड रहेंगी।

7. अर्हता प्राप्त/अनर्हक अभ्यर्थियों के अंक आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 28.01.2022 को उपलब्ध कराए जाएंगे। यह सुविधा दिनांक से 28.01.2022 से 15.02.2022 तक उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थी अपने पंजीकरण संख्या और पंजीकृत पासवर्ड का उपयोग करके तथा अभ्यर्थी डैशबोर्ड पर परिणाम / अंक टैब पर क्लिक करके अपने-अपने अंक देख सकते हैं।

उप सचिव (गोपनीय)
21.01.2022

कर्मचारी चयन आयोग